## चेहरे पर कई वार किए, हालत गंभीर, पब्लिक ने आरोपी को पुलिस के हवाले किया

# ओवर ब्रिज पर पति ने पत्नी पर चाकू से किया हमला



मंगलवार दोपहर एक युवक ने ओवरब्रिज पर अपनी पत्नी पर चाकू से ताबड़तोड़ वार कर दिया।गंभीर रूप से घायल महिला को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मौके पर मौजूद लोगों ने आरोपी को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया।





हरिभूमि न्यूज, सतना।

घटना सिविल लाइन थाना अंतर्गत ओवरब्रिज पर हुई,जहां गुड़िया साकेत नामक महिला पर उसके पति राजकुमार साकेत ने अचानक चाकू से कई वार कर दिए। वारदात के चलते ओवरब्रिज पर अफरा तफरी मच गई और ट्रैफिक जाम हो गया। राहगीरों ने आरोपी की पिटाई की हमले के बाद आरोपी ओवर ब्रिज की सीढ़ियों से भागने की कोशिश कर रहा था,लेकिन मौके पर मौजूद राहगीरों ने उसे पकड़ लिया। लोगों ने पहले उसकी जमकर पिटाई की,फिर पुलिस को सूचना देकर उसे उनके हवाले कर दिया। घायल महिला गुड़िया साकेत को तत्काल जिला अस्पताल पहुंचाया गया,जहां उसकी हालत गंभीर बताई जा रही है। डॉक्टरों की टीम उसका इलाज कर रही है। बताया जा रहा है कि पति ने उसके चेहरे पर कई गंभीर वार किए हैं।

### पुराना विवाद बना हमले की वजह

प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि पति-पत्नी के बीच लंबे समय से विवाद चल रहा था। कुछ समय पहले गुड़िया अपने पति और बच्चों को छोड़कर चली गई थी। लौटने के बाद दोनों के रिश्तों में और तनाव बढ़ गया था। पुलिस ने आरोपी राजकुमार साकेत को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, मामला दर्ज कर लिया गया है और जांच जारी है।

## खबर संक्षेप



### गाय बांधने को लेकर पड़ोसी ने कुल्हाड़ी से किया हमला

**सतना।** सिविल लाइन थाना क्षेत्र के महदेवा में मंगलवार सुबह साढ़े 10 बजे एक गंभीर घटना सामने आई।गाय बांधने को लेकर हुए विवाद में एक व्यक्ति ने अपने पड़ोसी पर कुल्हाड़ी से हमला कर दिया। घायल व्यक्ति की पहचान देवेंद्र शुक्ला 62 वर्ष के रूप में हुई है। उनका पड़ोसी राजकुमार गौतम से गाय बांधने को लेकर विवाद हुआ था। विवाद इतना बढ़ा कि राजकुमार ने कुल्हाड़ी से हमला कर दिया। चोट नाक के ऊपर लगी है। सूचना मिलते ही सिविल लाइन थाना पुलिस मौके पर पहुंची। घायल को तुरंत जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। डॉक्टरों के अनुसार,देवेंद्र शुक्ला की हालत स्थिर है। पुलिस ने आरोपी राजकुमार के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। स्थानीय लोगों के बयान दर्ज किए जा रहे हैं। पुलिस के अनुसार,दोनों पक्षों के बीच पहले भी छोटी-छोटी बातों पर विवाद होता रहा है। मामले की जांच जारी है।

### पुलिस अधीक्षक कार्यालय मैहर में हुई जनसुनवाई



**मैहर।** पुलिस अधीक्षक सुधीर अग्रवाल, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ चंचल नागर की मौजूदगी में आमजन की समस्या सुनी गई,त्वरित कार्यवाही हेतु सम्बंधित अधिकारी को निर्देशित किया गया।

### आउटरीच कार्यक्रम का संचालन आज ग्राम चूंद में

**सतना।** जिला सैनिक कल्याण अधिकारी ने बताया कि सतना जिले के भूतपूर्व सैनिकों/पूर्व सैनिकों की विधवाओं/आश्रितों के लिए जैक राइफल्स के अभिलेख कार्यालय जबलपुर द्वारा 28 मई को प्रातः 11 बजे से ग्राम चूंद में एक आउटरीच कार्यक्रम का संचालन किया जायेगा। जिसमें विभिन्न विषयों पर आधारित जानकारी दी जायेगी। इस दौरान भूतपूर्व सैनिक एवं उनके आश्रित आउटरीच कार्यक्रम में उपस्थित होकर विभिन्न लाभकारी योजनाओं एवं दस्तावेजीकरण संबंधी जानकारी प्राप्त कर लाभ प्राप्त कर सकते हैं।

### कलेक्टर स्वास्थ्य विभाग के कार्यों की हर माह समीक्षा करें: मुख्य सचिव

**सतना।** मुख्य सचिव अनुराग जैन वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से अधिकारियों को निर्देश दिए। मुख्य सचिव ने कहा कि कलेक्टर विभिन्न विभागों के कार्यों तथा महत्वपूर्ण योजनाओं के क्रियान्वयन की नियमित समीक्षा करें। स्वास्थ्य विभाग के कार्यों की हर माह समीक्षा करें। इसमें मातृ मृत्यु दर तथा शिशु मृत्यु दर पर नियंत्रण के प्रयासों,एनीमिया पर नियंत्रण एवं टीकाकरण पर विशेष ध्यान दें। परामर्श दात्री समिति की भी हर माह बैठक आयोजित कर अधिकारियों-कर्मचारियों से जुड़े मुद्दों पर चर्चा कर उनकी कठिनाईयों का निराकरण करें। वनाधिकार अधिनियम के तहत दर्ज किए गए दावों में से अभी भी पूरे प्रदेश में बड़ी संख्या में दावे लंबित हैं। अधिनियम के तहत गठित समिति की बैठकें आयोजित कर इन दावों का निराकरण कराएं। पात्र व्यक्ति को भू अधिकार पत्र जारी करें तथा अपात्र के दावे अमान्य करें। अधिनियम के तहत सामुदायिक दावों पर भी समुचित कार्यवाही करें। मुख्य सचिव ने अधिकारियों को आगामी वर्षाकाल में बाढ़ से बचाव एवं राहत के लिए समुचित तैयारी के निर्देश दिए।

## दर्शनार्थी के साथ मारपीट करने वाले आरोपी गिरफ्तार

### आरोपी के साथ ही 05 अन्य दलालों की मोटर सायकिल धारा 25 पुलिस एक्ट में जप्त

हरिभूमि न्यूज, मैहर।



पुलिस अधीक्षक सुधीर अग्रवाल के निर्देशन एंव थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक अनिमेष द्विवेदी के नेतृत्व में कार्यवाही करते हुये चौकी प्रभारी देवी जी उपनिरीक्षक महेन्द्र गौतम द्वारा लालगेट के पास कौशाम्बी से आये दर्शनार्थी के साथ मारपीट की घटना को अंजाम देने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर भेजा जेल गया। साथ ही घटना में प्रयुक्त अपाची मोटर सायकल जप्त की। पुलिस सूत्रों के मुताबिक फरियादी शंकरलाल अग्रहरि पिता श्री शारदा प्रसाद अग्रहरी उम्र 17 वर्ष निवासी करनपुर थाना सैनी जिला कौशाम्बी (उ.प्र.) का रिपोर्ट किया कि वह मां शारदा के दर्शन हेतु मंदिर जा रहा था। बंधा बैरियल के पास मोटरसाईकिल से रोशन गोस्वामी नाम का एक व्यक्ति मिला जो अपनी दुकान से प्रसाद लेने का कहकर फरियादी की चार पहिया गाडी के आगे आगे चलने लगा। फरियादी के द्वारा उस व्यक्ति की दुकान से समान लेने से मना करने पर रोशन गोस्वामी अपने साथी के साथ मिलकर लालगेट के पास फरियादी की गाडी रूकवाया और उससे पैसों की मांग करते हुए मारपीट करने लगा। फरियादी के रिपोर्ट पर अप.क्र. 450/25 धारा 126(2),296, 115(2),119(1), 351(3),3(5) बीएनएस का कायम कर विवेचना में लिया गया। थाना प्रभारी कोतवाली मैहर निरीक्षक अनिमेष द्विवेदी के नेतृत्व में उपनिरीक्षक महेन्द्र गौतम व अन्य सहयोगी स्टाफ की टीम गठित कर आरोपी का पता लगाकर उनकी शीघ्र गिरफ्तारी एवं इस तरह का कृत्य करने वाले अन्य दलालों के विरूध्द सख्त कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया। जिस पर तत्परतापूर्वक कार्यवाही करते हुए पुलिस द्वारा आरोपी रोशन गोस्वामी को 24 घण्टे के अन्दर गिरफ्तार कर घटना में प्रयुक्त मोटर सायकल को जप्त किया गया है एवं आरोपी को न्यायालय पेश किया गया। फरार आरोपी उमेश पटेल की तलाश जारी है। जिस दुकान के लिए आरोपी काम करता था उस दुकान को बंद कराने एवं दुकान मालिक के विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही हेतु एसडीएम मैहर को पत्र लेख किया गया है। पुलिस टीम को देखते ही अन्य दलाल जो इस तरह के कार्यों में लिप्त रहते हैं वे मौके से फरार हो गए जिनकी 05 मोटरसाईकिल को धारा 25 पुलिस एक्ट में जप्त किया गया है।

## मैहर के फुटपाथ दुकानदारों ने जनसुनवाई में कलेक्टर से लगाई गुहार

**मैहर।** इन दिनों नगर पालिका के द्वारा जगह जगह अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही की जा रही है। रीवा रोड ओवरब्रिज के पास चल रहे अतिक्रमण के बीच फुटपाथ दुकानदार जनसुनवाई में कलेक्टर के समक्ष पहुंचे और जिला कलेक्टर से मांग करते हुए कहा कि अतिक्रमण हटाने से पहले हम सभी लोगों को सुनिश्चित जगह पर विस्थापित किया जाए ताकि हम गरीब लोग परिवार का पालन पोषण कर सके लगातर हो रहे। अतिक्रमण से काम धंधा चौपट हो गया है। ऐसे में परिवार भूखों मरने को मजबूर हो जाएगा।फुटपाथ दुकानदारों का कहना है कि रेलवे द्वारा आगे का मार्ग बंद कर दिया गया। जिससे किसी भी प्रकार का आवागमन में अवरोध नही होता है इन सभी बातों को सामने रखते हुए सभी दुकानदारों ने विस्थापित करने की गुहार लगाई है।





## नेहरू की पुण्यतिथि पर कांग्रेस ने दी श्रद्धांजलि

**मैहर।** देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की पुण्यतिथि जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा मैहर रेस्ट हाउस में मनाई गई। इस अवसर पर नेहरू जी की प्रतिमा के समक्ष सभी वरिष्ठ कांग्रेस जनों ने पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए।सभा को संबोधित करते हुए जिला कांग्रेस अध्यक्ष धर्मेश घई ने कहा कि पंडित नेहरू जी का जीवन देश की आजादी और विकास के लिए समर्पित रहा। उन्होंने कहा, "नेहरू जी ने हमें लोकतंत्र और संविधान की राह दिखाई। उनका सपना था कि भारत एक आधुनिक,समावेशी और आत्मनिर्भर राष्ट्र बने।आज जरूरत है कि हम नेहरू जी के विचारों को आत्म सात कर उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि दें। ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष प्रभात दुबेदी ने भी इस अवसर पर नेहरू जी के विचारों को याद करते हुए कहा,नेहरू जी ने विज्ञान और प्रौद्योगिकी के महत्व को समझा और देश को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने की नींव रखी। हमें उनके आदर्शों को अपने जीवन में अपनाना चाहिए। श्रद्धांजलि सभा में वयोवृद्ध कांग्रेस नेता रमापति गौतम,चूड़ामणि बढ़ौरिया,अरुण तनय मिश्रा, मनीष पटेल,राज बाबू,रजनीश शर्मा,सुषमा अरजरिया पंकज कुशवाहा,मुकेश सेन विश्वमोहन,अक्षय कुमार दहिया,देवांग समेत अनेक गणमान्यजन उपस्थित रहे। सभी ने एक स्वर में कहा कि नेहरू जी के आदर्श आज भी उतने ही प्रासंगिक हैं जितने उनके समय में थे। सभा के अंत में सभी ने नेहरू जी के सिद्धांतों और उनके राष्ट्र निर्माण के प्रति योगदान को याद कर देश के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को निभाने का संकल्प लिया।

## कलेक्टर ने सुनी 140 आवेदकों की समस्यायें



हरिभूमि न्यूज, सतना।

कलेक्टर डॉ.सतीश कुमार एस ने मंगलवार को होने वाली जनसुनवाई में जिले के दूर-दराज के क्षेत्रों से आये 140 आवेदकों से उनकी समस्यायें सुनी और अधिकारियों को तत्काल निराकरण के निर्देश दिये। इस मौके पर अपर कलेक्टर स्वप्निल वानखडे,एसडीएम एलआर जांगडे सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे। जनसुनवाई में जमीन का सीमांकन कराने,अनुकंपा नियुक्ति,खाद्यान पात्रता पर्ची, दाखिल-खारिज कराने,प्रधानमंत्री आवास योजना,अवैध कब्जा हटाने,विद्युत समस्या,जमीन का कब्जा दिलाने,सीमांकन कराने,चिकित्सा सहायता,रोजगार दिलाने,भरण-पोषण और संबल योजना के लाभ संबंधी आवेदन लेकर जनसुनवाई में पहुंचे।

### मैहर जिले की जनसुनवाई में आये 43 आवेदन

कलेक्टर रानी बाटड ने मंगलवार को जनसुनवाई में जिले के विभिन्न अंचलों से प्राप्त 43 आवेदनों पर सुनवाई करते हुए संबंधित अधिकारी को निराकरण करने के निर्देश दिए। इस मौके पर अपर कलेक्टर शैलेन्द्र सिंह सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## सतना एयरपोर्ट के निर्माण से विन्ध्य के विकास को मिलेगा नया आयाम




### प्रधानमंत्री 31 मई को भोपाल से वर्चुअली करेंगे सतना एयरपोर्ट का लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज, सतना।

आवागमन के साधनों में हवाई सेवा का महत्व तेजी से बढ़ रहा है। सतना में अब तक सामरिक महत्व से निर्माण की गई पुरानी हवाई पट्टी रही है। जिसमें हेलीकाप्टर तथा छोटे विमान ही उतर सकते थे। सतना में 19 सीटर विमानों के आवागमन के लिए नवीन एयरपोर्ट के निर्माण की प्रक्रिया पूरी हो गयी है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 31 मई को भोपाल से वर्चुअली समारोह पूर्वक सतना एयरपोर्ट का लोकार्पण करेंगे। सतना एयरपोर्ट के निर्माण से औद्योगिक नगरी सतना ही नहीं बल्कि पूरे विन्ध्य क्षेत्र के औद्योगिक विकास को नया आयाम मिलेगा।



## कलेक्टर ने किया जिला सैनिक कल्याण कार्यालय का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज, सतना।

कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट सतना डॉ.सतीश कुमार एस ने मंगलवार को जिला सैनिक कल्याण कार्यालय सतना का निरीक्षण किया और भूतपूर्व सैनिकों के कल्याण संबंधी कार्यालय द्वारा की जाने वाली गतिविधियों की जानकारी ली। इस मौके पर जिला सैनिक कल्याण अधिकारी सेवा निवृत्त कर्नल मुनीन्द्र त्रिपाठी,इन्द्रकुमार सिंह सहित जिला सैनिक कल्याण कार्यालय का स्टाफ उपस्थित रहा।

## खबर संक्षेप

### जनसुनवाई में आए 13 आवेदन



**पन्ना।** कलेक्टर कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई में आज 13 आम लोगों की समस्याओं को सुना गया और समस्याओं के निराकरण के निर्देश दिए गए। संयुक्त कलेक्टर कुशल सिंह गौतम द्वारा जिला मुख्यालय पर पहुंचे आवेदकों की समस्याएं सुनी गईं। इसके अलावा ग्राम पंचायत स्तरीय जनसुनवाई में भी आवेदकों की समस्याओं का तत्परतापूर्वक निराकरण किया गया। राज्य शासन के निर्देश पर आमजनों की समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए प्रत्येक सप्ताह मंगलवार को जनसुनवाई आयोजित की जाती है। इसी कड़ी में आज जनसुनवाई हुई।

### ईव्हीएम वेयरहाउस का किया मासिक निरीक्षण



**पन्ना।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुरेश कुमार ने मंगलवार को राजनैतिक दल के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में ईव्हीएम वेयरहाउस का मासिक निरीक्षण किया। इस अवसर पर आवश्यक व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। निरीक्षण के दौरान इंडियन नेशनल कांग्रेस से राजेश तिवारी एवं सरदार सिंह यादव, बहुजन समाज पार्टी से चौधरी एस.बी. रमन सहित अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी नीलाम्बर मिश्र, जिला कोषालय अधिकारी गौरव गुप्ता, जिला सूचना एवं विज्ञान अधिकारी अतुल एवं निर्वाचन पर्यवेक्षक उमाशंकर दुबे भी उपस्थित रहे।

### अखंड रामनाम संकीर्तन का आयोजन



**पवई।** पवई नगर के मिलोनीगंज मोहल्ले में स्थित श्री राजेंद्र प्रसाद विश्वकर्मा, रामकली विश्वकर्मा (प्राथमिक शिक्षक) एवं उनके परिवारजनों पुष्पेंद्र, शिवम, राजू, स्वदेश तथा अतुल के संयुक्त सहयोग से 24 घंटे का अखंड रामनाम संकीर्तन जाप आरंभ किया गया है। इस धार्मिक आयोजन में भक्ति भाव से ओतप्रोत वातावरण बना हुआ है। स्थानीय श्रद्धालुजन बड़ी संख्या में संकीर्तन में भाग ले रहे हैं और प्रभु श्रीराम के नाम का निरंतर जाप कर रहे हैं। आयोजन का उद्देश्य समाज में आध्यात्मिकता का प्रसार और पारिवारिक सुख-शांति की कामना है।संकीर्तन के इस पावन अवसर पर क्षेत्र के कई श्रद्धालुजन, कीर्तन मंडलियाँ एवं ग्रामवासी भी उपस्थिति दर्ज करा रहे हैं। संपूर्ण वातावरण श्राम-राम२ की दिव्य ध्वनि से गुंजायमान हो उठा है। आयोजन का समापन हवन-पूजन एवं प्रसाद वितरण के साथ किया जाएगा।

### मुख्यमंत्री 90 करोड़ से अधिक लागत के विकास कार्यों की देंगे सौगात

**पन्ना।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 29 मई को पन्ना प्रवास के दौरान नगर के शासकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में 90 करोड़ 60 लाख रूपए लागत राशि के 40 विकास कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण करेंगे। मुख्यमंत्री द्वारा 75 करोड़ 72 लाख रूपए लागत राशि के 32 विकास कार्यों का भूमिपूजन एवं 14 करोड़ 88 लाख रूपए लागत राशि के 8 विकास कार्यों का लोकार्पण किया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव लोक निर्माण विभाग (भवन) के 3, लोक निर्माण विभाग के 10, जिला शहरी विकास अभिकरण के 2, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा के 5 तथा पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के 12 विकास कार्यों का भूमिपूजन करेंगे। इसके अलावा लोकार्पित होने वाले विकास कार्यों में लोक निर्माण विभाग (भवन) अंतर्गत गुनौर आईटीआई में 3 टेड भवन, कल्दा में आदिवासी सीनियर कन्या छात्रावास, छत्रसाल महाविद्यालय पन्ना के कॉमर्स ब्लॉक में मल्टीपरपज हॉल का रेनोवेशन कार्य, साइंस ब्लॉक में 2 हाल, वाराण्डा व टॉयलेट भवन का निर्माण तथा कन्या छात्रावास के पीछे 30 मीटर लम्बाई की बॉउण्ड्रीवॉल, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र शाहनगर में ब्लॉक पब्लिक हेल्थ यूनिट, शाहनगर विकासखण्ड के ग्राम बोरी में नवीन प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र भवन तथा आवास गृह इत्यादि का निर्माण तथा शाहनगर में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कार्यालय का निर्माण शामिल है। जिला शहरी विकास अभिकरण अंतर्गत पन्ना शहर में पेयजल व्यवस्था के लिए कटरा डैम से लोकपाल सागर तक 6 किमी लम्बाई की तथा निरपत सागर से पहाड़कोठी तक पाईप बिछाने के कार्य सहित ग्राम सप्तैया स्थित ठोस अपशिष्ट प्लांट की बॉउण्ड्रीवाल निर्माण का कार्य शामिल है।

## सफलता की कहानी

# स्वसहायता समूह से जुड़कर महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण की राह हुई आसान



**पन्ना।** पन्ना विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम अहिरगुवां की महिलाओं ने ग्रामीण आजीविका मिशन अंतर्गत स्वसहायता समूह से जुड़कर विभिन्न गतिविधियों के जरिए आर्थिक एवं सामाजिक सशक्तिकरण की राह चुनी है। गांव की 12 महिलाओं द्वारा वैष्णव माता स्वसहायता समूह के माध्यम से पॉलीहाउस, किराना दुकान, बैंक कियोस्क, मसाला चक्की एवं सब्जी उत्पादन जैसी आजीविका गतिविधियों का संचालन अन्य महिलाओं के लिए भी प्रेरणादायी है। समूह अध्यक्ष कृष्णा बर्मन बेहतर कार्ययोजना के साथ समूह में शामिल



इसी क्रम में आवश्यक प्रशिक्षण प्राप्त कर 2024 में छोटे स्तर पर पॉली हाउस स्थापित कर पपीता का उत्पादन भी प्रारंभ किया। इस प्रयास से वार्षिक आय एक लाख 50 हजार तक पहुंचने पर लखपति दीदी बनने के सौभाग्य के साथ सराहना भी मिली। अब कृष्णा बर्मन द्वारा समता समन्वयक के दायित्व का निर्वहन कर महिलाओं को उनके अधिकारो के प्रति जागरूक भी किया जाता है। साथ ही विभिन्न जागरूकता गतिविधियों के माध्यम से अन्य महिलाओं को भी तरक्की की राह में अग्रसर होने के लिए प्रोत्साहन प्रदान किया जा रहा है। समूह में शामिल अन्य महिलाओं शिखा, गंगा, मोनाभ, संध्या, विद्या ने बताया कि समूह से जुड़कर हम महिलाएं सशक्त बनने के साथ ही परिवार का भरण पोषण भी बेहतर रूप से करने में सक्षम हुई हैं। सहायक आजीविका प्रबंधक मनीष पाण्डेय द्वारा भी महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए समय-समय पर आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान किया गया। कम शिक्षित होने के बावजूद भी महिलाओं द्वारा आजीविका गतिविधियों के सफलतापूर्वक संचालन से सभी महिलाएं खुश हैं। इनके द्वारा प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री के कुशल नेतृत्व में महिलाओं के लिए कई कल्याणकारी योजनाओं के संचालन पर सराहना भी की गई। महिलाओं को प्रधानमंत्री आवास योजना एवं मुख्यमंत्री लाडली बहना योजना सहित अन्य महत्वाकांक्षी योजनाओं का लाभ भी मिला है। इससे इन महिलाओं का जीवन आसान होने के साथ ही सामाजिक बदलाव भी आया। भविष्य में तरक्की की राह पर निरंतर अग्रसर होने का सपना संजोये समूह की महिलाओं ने बताया कि किसी भी लक्ष्यपूर्ति के लिए दृढ़ इच्छा शक्ति एवं आत्मविश्वास का होना जरूरी है।

## बृहष्पति कुंड आश्रम में गौशाला की भूमि की बोली लगाए जाने के विरोध में महंत ने सौंपा ज्ञापन





**पन्ना।** सारंगधर आश्रम के पास स्थित बंदर खोह आश्रम के महंत चिरैया बाबा ने कलेक्टर को आवेदन सौंप कर बताया है कि बृहष्पति कुंड गौशाला की भूमि जो बृहष्पति कुंड के महंतों द्वारा खेती करवाई जाती थी तथा शासन में आज तक राशि जमा नही हुई खेती के पैसे से तत्कालीन महंत गौशाला प्रबंधन करते थे तथा आने बाले तीर्थ यात्रियों को भोजन प्रसाद की व्यवस्था करते थे। इसके साथ ही उन्होंने गौशाला निर्माण एवं अन्य कार्यों में लाखों रुपए की राशि भी व्यय की है। अगर बोली का पैसा शासन में जमा होगा तो गौशाला सहित भंडारा की व्यवस्था बिगड जाएगी। बताया गया है कि यह स्थान राम वन पथ गमन में आता है, जिससे यहाँ आने जाने बाले तीर्थ यात्रियों को भी भोजन प्रसाद उपलब्ध नहीं हो सकेगा। महंत के साथ समस्त क्षेत्रीय सरपंचों, गणमान्य नागरिकों एवं धर्म प्रेमियों के द्वारा मांग उठाई गई है कि भूमि को शासन से न जोडा जाये और तत्कालीन प्रबंधक चिरैया बाबा ही पूर्व की भाँति खेती किसानी एवं गौशाला प्रबंधन का कार्य करते रहें। महंत श्री चिरैया बाबा ने बताया है कि वह बंदर खोह आश्रम में रहकर पूजा अर्चना करते थे बृहस्पति कुंड क्षेत्र के धर्म प्रेमियों एवं कमेटी के द्वारा ही उन्हें वहां ले जाया गया और व्यवस्थाओं की जिम्मेदारी सौंपी गई जिससे उन्होंने व्यवस्थाओं में लाखों रुपए खर्च किए हैं लेकिन अब प्रशासन के हस्तक्षेप की वजह से वह व्यवस्थाओं में असमर्थ हो रहे हैं इसलिए प्रशासन को चाहिए कि बृहस्पति कुंड की भूमि में हस्तक्षेप ना करें ताकि गौशाला एवं साधु संतों और श्रद्धालुओं की भोजन व्यवस्था निरंतर सुचारू रूप से चलती रहे।

## लक्ष्मीपुर में लगाया विधिक साक्षरता शिविर

**पन्ना।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कार्यालय द्वारा प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश व प्राधिकरण के अध्यक्ष राजाराम भारतीय एवं व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड एवं प्राधिकरण के सचिव राजकुमार गौड़ के मार्गदर्शन में आज ग्राम पंचायत लक्ष्मीपुर में विधिक साक्षरता शिविर लगाया गया। इस अवसर पर जिला विधिक सहायता अधिकारी अतुल सेन द्वारा ग्रामीणजनों को शिविर के उद्देश्य, महत्व और उपयोगिता के बारे में जानकारी प्रदान कर नालसा एवं सालसा द्वारा संचालित योजनाओं की भी जानकारी प्रदान की गई। साथ ही वरिष्ठ नागरिकों को उनके अधिकारों के बारे में अवगत कराया गया। महिलाओं एवं बालकों के अधिकार संबंधी जानकारी प्रदान कर किशोर बालकों को अपराध से दूर रहने की



समझाईश दी गई। साथ ही बाल विवाह एवं बाल श्रम की रोकथाम के लिए प्रेरित किया गया। शिविर में उपस्थित महिलाओं को पॉक्सो, दहेज प्रतिषेध एवं घरेलू हिंसा अधिनियम सहित म.प्र. अपराध पीड़ति प्रतिकर योजना 2015 एवं नालसा पीड़ति प्रतिकर योजना 2018 के प्रावधानों के बारे में बताया गया। शिविर में आनंद त्रिपाठी एवं पवन कुमार पाण्डेय ने प्राधिकरण अंतर्गत स्थापित लीगल एड डिफेंस काउसिंल कार्यालय व प्रक्रिया के बारे में विस्तारपूर्वक बताया। इस दौरान सरपंच नीलम खंगार, सचिव रामलगन सेन एवं रोजगार सहायक अतुल रावत भी उपस्थित रहे।

### वार्ड क्रमांक 13 में महिलाओं को किया जागरूक

प्राधिकरण कार्यालय द्वारा मंगलवार को पन्ना नगर के वार्ड क्रमांक 13 स्थित आंगनबाड़ी केन्द्र में भी विधिक साक्षरता शिविर लगाया गया। इस अवसर पर जिला विधिक सहायता अधिकारी ने महिलाओं एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को विभिन्न विधिक प्रावधानों के तहत प्रदत्त अधिकार तथा प्राधिकरण द्वारा क्रियान्वित योजनाओं एवं विधिक सहायता योजना की जानकारी प्रदान की। शिविर में पर्यवेक्षक किरण खरे एवं अंजली गुप्ता भी उपस्थित रहीं।

## वैश्य महासम्मेलन पन्ना की जिला कार्यकारिणी बैठक सम्पन्न सदस्यता अभियान को मिली गति

**पन्ना।** वैश्य समाज की एकता, संगठन की सुदृढ़ता एवं सामाजिक जागरूकता को समर्पित वैश्य महासम्मेलन जिला पन्ना की जिला कार्यकारिणी की एक महत्वपूर्ण बैठक सोमवार को मोहन राजविलास पैलेस, पन्ना के प्रांगण में सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष मनोज केशरवानी ने की। मुख्य अतिथि के रूप में कटनी संभाग अध्यक्ष राकेश अग्रवाल, तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में खजुराहो संभाग अध्यक्ष अजय गुप्ता, जिला प्रभारी कैलाश मोदी, महिला इकाई की अध्यक्ष एडवोकेट मंजूलता जैन, एवं कार्यकारी अध्यक्ष दिनेश अग्रवाल मंचासीन रहे। बैठक का मूल उद्देश्य संगठनात्मक विस्तार, सदस्यता अभियान को तीव्र गति प्रदान करना एवं तहसील स्तर तक संगठन को सशक्त बनाना रहा। इस अवसर पर यह निर्णय लिया गया कि 30 जुलाई तक जिले में 1000 सदस्यों की सदस्यता पूर्ण की जाएगी। वर्तमान में प्रदेशभर में वैश्य महासम्मेलन के 60,000 सदस्य सक्रिय रूप से पंजीकृत हैं। निर्णय लिया गया कि ग्राम्य स्तर तक पहुंच बनाकर आजीवन सदस्यता का विशेष अभियान चलाया जाएगा, तथा सभी तहसीलों में आजीवन सदस्यों के भव्य सम्मेलन आयोजित किए जाएंगे। साथ ही सभी पूर्व पंजीकृत सदस्यों केनाम, पता एवं मोबाइल क्रमांक का अद्यतन सत्यापन



अनिवार्य रूप से किया जाएगा। बैठक में जिले के विभिन्न अंचलों से समाज के प्रतिष्ठित प्रतिनिधियों की उपस्थिति उल्लेखनीय रही। इस गरिमामयी अवसर पर रामहित साहू, जगदीश जड़यिा, डॉ महेश खैरया, सुन्नू गुप्ता, आरके गुप्ता, कैलाश गुप्ता (गब्बर),मोनू गुप्ता बलदेव स्वीट्स, परसोत्तम सोनी,योगेश जड़यिा, विकास चौरसिया, गोपाल बरसैया, सुरेंद्र बड़ेरिया, देवेंद्रनगर से डॉ प्रमोद जैन, नगर परिषद अध्यक्ष शिवांगी गुप्ता,प्रतिमा गुप्ता, रश्मि गुप्ता,ललित गुप्ता, पारुल जैन, पवई से अजीत जैन, नीतू सरावगी व शाहनगर से अरुणा, अजयगढ़ से रमेश गुप्ता व पहाड़ीखेरा से सुरेश गुप्ता, अमानगंज से नीरज बड़ेरिया,अनिल कंथरिया ,लक्ष्य अग्रवाल, दिलीप गुप्ता, श्रीमती निशा जैन,अर्चना नारिया, श्रीमती सुमन गुप्ता, राकेश मथुरा गुप्ता,पीयूष गोयल अमानगंज, राकेश जड़यिा, रविशंकर सोनी, माधुरी अग्रवाल, प्रतिमा गुप्ता,दिलीप गुप्ता,श्रेयांश शिवहरे उपस्थित रहे। कार्यक्रम के समापन अवसर पर कैलाश मोदी ने उपस्थित सभी जनों के प्रति आभार ज्ञापित करते हुए संगठन की भावी योजनाओं में सहभागिता का आह्वान किया।

## छात्र सचिन राजपूत छात्र शिवांशी राजपूत को दिल्ली तक की फ्री हवाई यात्रा



**सिमरिया।** पन्ना जिले के ग्राम पंचायत दनवारा में हायर सेकेंडरी स्कूल के रिजल्ट में 7 विद्यार्थियों ने 80ः के ऊपर कक्षा दसवीं में अंक प्राप्त किए हैं जिसमें छात्र-छात्राएं शामिल हैं और 12वीं में ग्राम दनवारा के रहने वाले सचिन राजपूत ने छतरपुर जिले में टॉप कर दानवारा का नाम रोशन किया है सचिन राजपूत से पूछा गया कि आपने छतरपुर जिले में टॉप किया है पन्ना जिले का नाम रोशन किया है तो सचिन राजपूत का कहना है कि हमारे ग्राम में भारतीय सेना में सूबेदार के पद मे पुष्पेंद्र तिवारी दिल्ली में पदस्थ हैं विगत तीन वर्षों से हमारे ग्राम में जन्म लेने वाली बच्चियों को पोषण आहार के लिए 5000 की राशि देते हैं साथ में दनवारा ग्राम के रहने वाले छात्र-छात्राओं को 10वीं 12वीं में 75 प्रतिशत से ऊपर अंक लाने वाले विद्यार्थियों को विगत 3 वर्षों से 10000 की राशि से पुरस्कृत करते आ रहे है हैं जब भी सूबेदार पुष्पेंद्र तिवारी ग्राम आते हैं तो कुछ ना कुछ प्रेरणा देकर जाते है कभी स्पोर्ट के फील्ड कभी शिक्षा से संबंधित सूबेदार पुष्पेंद्र तिवारी ने इस बार घोषणा की थी कि 10वीं 12वीं में 90ः से ऊपर आने वाले छात्र-छात्राओं को खाजुराहो से देल्ही फ्री हवाई यात्रा कराएंगे पुष्पेंद्र तिवारी के पहल से आत्म विश्वास बढ़ता है जिसके परिणाम स्वरूप ग्राम के बच्चों ने 10वीं 12वीं में अच्छा प्रदर्शन किया जिससे उनका अच्छा भविष्य बनने के संकेत है।

## कोरोना की फिर दस्तक, डर नहीं, सावधानी ज़रूरी

**देवेंद्रनगर।** देश में एक बार फिर कोरोना वायरस की हलकी दस्तक महसूस की जा रही है। विदेशों में कोविड की पुनः सक्रियता के बाद भारत के कुछ राज्यों में भी कोविड जैसे लक्षणों के मामले सामने आए हैं। हालांकि फिलहाल स्थिति पूरी तरह नियंत्रण में है, परंतु स्वास्थ्य विभाग ने एहतियातन तैयारियाँ तेज़ कर दी हैं। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, देवेंद्रनगर के मुख्य खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. अभिषेक जैन ने जनता से संयम, सजगता और जिम्मेदारी के साथ सहयोग की अपील करते हुए कहा कि "यह घबराने का नहीं, समझदारी से साथ देने का समय है। हालात पूरी तरह सामान्य हैं, पर सावधानी ही सुरक्षा है।"

**'क्या कहता है ताज़ा परिदृश्य** - कुछ राज्यों में हल्के कोविड लक्षणों वाले मरीज सामने आए हैं, अब तक कोई गंभीर या घातक वैरिएंट नहीं पाया गया, संक्रमण की गति तेज़ होने की आशंका, पर गंभीरता कम, स्वास्थ्य मंत्रालय की निगरानी और दिशा-निर्देश जारी

**देवेंद्रनगर में क्या तैयारियाँ की गई हैं** -डॉ. जैन ने बताया कि स्थानीय स्तर पर अस्पतालों को अलर्ट मोड पर रखा गया है आइसोलेशन बेड चिन्हित आवश्यक दवाओं और ऑक्सीजन की व्यवस्था स्टाफ को नयी गाइडलाइनों की ट्रेनिंग लक्षण वाले मामलों की रिपोर्टिंग की तेज़ प्रणाली कौन-कौन से लक्षणों को नजरअंदाज न करें?'

खांसी, जुकाम, गले में खराश, हल्का बुखार, थकान, गंध या स्वाद का जाना, सांस लेने में तकलीफ (विशेष मामलों में यदि इनमें से कोई भी लक्षण हो, तो तुरंत नज़दीकी स्वास्थ्य केंद्र पर संपर्क करें।

क्या पूर्व संक्रमित और टीका लगवाने वाले सुरक्षित हैं - "एक बार संक्रमण हो चुका हो, इसका मतलब यह नहीं कि दोबारा नहीं होगा। समय के साथ प्रतिरक्षा क्षमता घटती है।" डॉ. जैन ने स्पष्ट किया कि सभी नागरिकों को बूस्टर डोज़ अवश्य लेना चाहिए और टीकाकरण पूरा करना अनिवार्य है।

**क्या अफवाहों से सावधान रहना जरूरी है** - हां। सोशल मीडिया पर भ्रामक पोस्ट, पुराने वीडियो और झूठी सूचनाओं के ज़रिए भय फैलाने की कोशिश हो रही है। केवल आधिकारिक सूत्रों द्वारा जानकारी पर भरोसा करें। "सत्यापित जानकारी ही साझा करें और किसी भी निर्णय से पहले अधिकृत स्रोतों से पुष्टि करें। - डॉ. जैन

**किन वर्गों को विशेष सतर्कता की जरूरत है** - वृद्धजन (60$) गर्भवती महिलाएं बच्चे (विशेष रूप से 5 वर्ष से कम) हृदय, अस्थमा, मधुमेह, कैंसर आदि से ग्रसित रोगी इन वर्गों को मास्क, दूरी, और नियमित स्वास्थ्य जांच को गंभीरता से लेना चाहिए।

**जनहित अपील** -

क्या करें - 1. मास्क अवश्य पहनें, 2. हाथ साबुन या सैनिटाइज़र से बार-बार धोएं, 3. भीड़भाड़ वाले स्थानों से बचें, 4. पूरा टीकाकरण और बूस्टर डोज़ कराएं,5. केवल प्रमाणित सूचना साझा करें।क्या न करें - 1. अफवाहों पर यकीन न करें, 2. खांसी-जुकाम को हल्के में न लें, 3. डॉक्टर की सलाह के बिना दवा न लें, 4. सार्वजनिक स्थानों में लापरवाही न करें5. बीमारी छुपाएं नहीं कृ सामने लाएं, इलाज कराएं।

**सबसे जरूरी बात**"सरकार और स्वास्थ्य विभाग पूरी तरह सजग हैं। नागरिक भी सहयोग करें, सजग रहें कृ यही कोरोना से लड़ने का सबसे कारगर मंत्र है।"

## दबंग कांग्रेसी सरपंच का अमानवीय चेहरा हुआ वायरल

# गरीब महिला के बाल पड़कर बीच सड़क पर घसीटते हुए दबंग कांग्रेसी सरपंच नेता

अमानगंज



ग्राम पंचायत झरकुआ में बीते दिनों दो पक्षों में मारपीट एवं गाली गलौज का मामला प्रकाश में आया था जिसमें दोनों पक्षों द्वारा थाना अमानगंज पहुंचकर एक दूसरे पर मामला दर्ज करवाया जिसमें अमानगंज पुलिस ने घटना दिनांक अपराध क्रमांक 318/25 में चार लोगों पर मामला दर्ज किया गया है एवं अपराध क्रमांक 319 / 25 में तीन लोगों को आरोपी बनाया गया है परंतु इस झगड़े में तीसरा किरदार भी सामने आ रहा है जिसमें कांग्रेसी नेता दबंग सरपंच ओम प्रकाश अहिरवार एक महिला की बाल पड़कर मारपीट करते हुए महिला को घसीटता हुआ नजर आ रहा है जो इस मारपीट और घिनौनी वारदात का वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है साथ ही चर्चा भी तेज हो चली है कि संवैधानिक पद पर बैठा जनप्रतिनिधि साथ ही कांग्रेस पार्टी के किसान प्रदेश महामंत्री के पद पर आसीन होते हुए ऐसा कृत कर रहा है जिसकी चारों ओर आलोचना हो रही हैसरपंच की पृष्ठभूमि का पता करें तो सरपंच ओमप्रकाश अहिरवार पूर्व कांग्रेस विधायक तान्तू लाल अहिरवार का पुत्र बताया



जा रहा है जिस परिवार की राजनीतिक पृष्ठभूमि रही हो वह ऐसा कृत्य करें तो समाज उन्हें कभी माफ नहीं कर सकता प्रदेश सरकार में महिलाओं के लिए तरह-तरह की योजनाएं चला कर महिलाओं के जीवन के संभालने का कार्य किया जा रहा है परंतु पन्ना जिले की जनपद पंचायत गुनौर में इसके विपरीत ही कार्य किया जा रहे हैं सूत्रों से ज्ञात हुआ है कि सरपंच द्वारा शासकीय भूमि पर तालाब का निर्माण करीब 15 लाख की लागत से कराया जा रहा है जिस पर पीड़ित महिला बसंती पति हक्कू अहिरवार बरसों से फसल बोकर अपने परिवार का भरण पोषण करता आ रहा है मगर ग्राम पंचायत चुनाव की रंजिश के चलते सरपंच ओम प्रकाश अहिरवार द्वारा कब्जे वाली जमीन पर तालाब का निर्माण कर कर दिया है जिससे दोनों पक्षों में लड़ाई झगड़ा हुआ दबंग सरपंच ने परिवार सहित बसंती बाई एवं उसके पुत्रों पर जानलेवा हमला बोल दिया जिम्मेदार सरपंच ने कानून अपने हाथ में लेकर महिला को घसीटते हुए शासन प्रशासन के मुंह पर करारा तमाचा मारा है अब देखना है कि गुनौर विधायक एवं जिले में बैठा प्रशासन ओम प्रकाश अहिरवार के खिलाफ कार्यवाही करते हैं या नहीं यह तो आने वाला समय ही बताएगा जिले के संवेदनशील जिला कलेक्टर एवं जिला पंचायत सीईओ को इस मामले को गंभीरता से देखते हुए जांच कर आरोपित के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाए जिससे भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनर बर्त्ति न हो।

**खबर संक्षेप**

### शर्मनाकः 8 साल की मासूम के साथ युवक ने किया कुकृत्य

**छतरपुर**। जिले के लवकुशनगर थाना क्षेत्र से मानवता को शर्मसार करने वाली शर्मनाक घटना सामने आई है। दरअसल यहां एक 8 साल की मासूम बच्ची के साथ गांव के ही एक युवक ने दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया है। घटना के बाद ग्रामीणों ने आरोपी को पकड़कर पुलिस को सौंपा है, वहीं पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर रेप और पॉक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है।घटना लवकुशनगर थाना क्षेत्र के एक गांव की है, जहां मासूम बच्ची गांव के बाहर एक खेत में चल रहे मोटर पंप के पास नहाने गई थी। इसी दौरान गांव के मुकेश राजपूत ने उसे अकेला पाकर जबरन दुष्कर्म कर डाला। बच्ची के चिल्लाने की आवाज सुनकर आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुँचे और आरोपी को पकड़ लिया। ग्रामीणों ने तुरंत इसकी सूचना पुलिस को दी और आरोपी को पुलिस के हवाले कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही लवकुशनगर थाना पुलिस मौके पर पहुँची और बच्ची को मेडिकल जाँच के लिए अस्पताल भेजा। एसपी अगम जैन ने बताया कि आरोपी के खिलाफ रेप और पॉक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस ने बच्ची के बयान दर्ज करने के साथ ही मेडिकल रिपोर्ट और अन्य साक्ष्यों के आधार पर जाँच शुरू कर दी है।

### स्कूली बच्चों को मिला आईटी और बीएफएसआई का प्रशिक्षण

**छतरपुर**। राजनगर क्षेत्र के शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल कर्री में बच्चों को नौकरी से संबंधित कौशल सिखाने के लिए एक दिवसीय ऑन-जॉब ट्रेनिंग का आयोजन किया गया। यह प्रशिक्षण कर्री के आशुतोष कम्प्यूटर सेंटर और ग्राहक सुविधा केंद्र पर आयोजित हुआ, जिसमें बच्चों को आईटी और बीएफएसआई क्षेत्र से जुड़े कौशल सिखाए गए।
संस्था प्राचार्य आरएम सिंह की निगरानी में आयोजित इस एक दिवसीय प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर ने बच्चों को कई महत्वपूर्ण पहलुओं से अवगत कराया। प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य बच्चों को नौकरी से संबंधित विशिष्ट कौशल सिखाना, कार्यस्थल की प्रक्रियाओं और नीतियों से परिचित कराना, टीम में काम करने की क्षमता विकसित करना, प्रभावी संवाद स्थापित करने में मदद करना और अपने काम के प्रति जिम्मेदार बनाना था। साथ ही, बच्चों को नौकरी के अवसरों के लिए तैयार करने से संबंधित जानकारियाँ भी दी गईं। इस दौरान आईटी शिक्षक रविन्द्र सिंह, बीएफएसआई शिक्षिका प्रेमलता पटेल, स्कूल के अन्य स्टाफ और विद्यार्थी उपस्थित रहे। इस प्रशिक्षण से बच्चों को भविष्य में रोजगार के अवसरों के लिए तैयार होने में मदद मिलेगी।

### खुले और असुरक्षित बोरवेल की जानकारी दमोह हेल्पाईन पर दी जाये

**दमोह**। कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने जिले के नागरिकों से आग्रह किया है कि खुले और असुरक्षित बोरवेल की जानकारी तत्काल दमोह हेल्पलाइन नंबर पर दें ताकि स्थानीय निकाय की मदद से उन्हें बंद करवाया जा सके। उन्होंने कहा गर्मियों में बोरिंग कराने के बाद अक्सर बोरवेल को खुला छोड़ दिया जाता है, जिससे हादसे का खतरा बना रहता है। अपने आसपास के क्षेत्रों में खुले बोरवेल की जांच करें और यदि कोई खुला बोरवेल दिखे तो तुरंत हेल्पलाइन नंबर पर सूचित किया जाये। कलेक्टर श्री कोचर ने आश्वस्त किया है कि खुले बोरवेल की जानकारी मिलने पर तत्काल कार्रवाई की जाएगी और स्थानीय निकाय की मदद से उन्हें बंद करवाया जाएगा। उन्होंने लोगों से सहयोग की अपील की है ताकि जिले को खुले बोरवेल के खतरे से बचाया जा सके।

### धूमधाम से मनाई गई आल्हा जयंती

**बनवार**। दमोह जिले के कटनी रोड पर स्थित माता कुल्याऊ धाम में मेहरा महोबिया समाज द्वारा आल्हा जयंती का आयोजन किया गया। इस दौरान बुंदेलखंड के अमरवीर योद्धाओं की कहानी सुनाई गई और समाज के उत्थान की दिशा में कार्य करने की बात कही गई।

# मुख्यमंत्री के गौरिहार आगमन को लेकर तैयारियों में जुटा समूचा प्रशासन

## उठ सकती है लवकुशनगर जिला बनाने की मांग, अधिकारी कर्मचारी सकते में?

हरिभूमि न्यूज, छतरपुर।

अगामी 29 मई को प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव चंदला विधानसभा क्षेत्र के गौरिहार दौरे पर आ रहे है। उनके दौरे को लेकर ब्यवस्थाए बनाने और तैयारियां करने में समूचा जिला प्रशासन जुटा हुआ है। कलेक्टर, एसपी ने गौरिहार के कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण करके ब्यवस्थाओं एवं तैयारियों का जायजा भी लिया। साथ ही अधिकारी भी अब सकते में है कि कहीं मुख्यमंत्री के आगमन पर उनके विभाग की शिकायत न हो जाए और उन पर गाज गिर जाए। खास कर पंचायत विभाग के सचिव और रोजगार सहायक तथा खाद्यान वितरण ब्यवस्था से जुड़े अधिकारी एवं कर्मचारी लोगों तक पहुँचकर उनकी समस्याओं का समाधान मुख्यमंत्री के आगमन के पहले करने का प्रयास कर रहें है। गौरिहार के अलावा मऊसहानियां में भी शाम के समय मुख्यमंत्री का कार्यक्रम प्रस्तावित है मुख्यमंत्री मऊसहानियां में विरासत महोत्सव में भाग लेगे तथा यहां पर जल गंगा सर्वधन अभियान एवं तेदुपत्ता बोनस वितरण कार्यक्रम होना संभावित है। गौरिहार में जल गंगा अभियान के तहत तालाब में श्रमदान एवं बाबू जगजीवन राम अनुसूचित जाति प्रीमेटिक कन्या छात्रावास में ई-लाईबेंरी का लोकार्पण भी किया जाएगा और इसके लोकार्पण की सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई है। मंच को लेकर प्रशासन पुरी तरह से सजग है क्योंकि पूर्व में शिवराज सिंह चौहान जब मुख्यमंत्री थे तब बह चंदला आए थे और चंदला का मच भी इस दौरान टूट गया था ऐसी किसी प्रकार की घटना न हो इसलिए प्रशासन ने कड़ी तैयारियां की है। और जिम्मेदार अधिकारियों को मचं की ब्यवस्था बनाने के सख्त निर्देश दिए है। गौरिहार के कार्यक्रम को लेकर जनता में भी उत्साह देखा जा रहा है। क्योंकि गौरिहार जैसे पिछड़े क्षेत्र में सीएम का आना निश्चित ही किसी न किसी सौगात की लोग आकाक्षां रख रहें है गौरिहार मुख्यमंत्री को लाने के लिए चंदला के विधायक एवं वनराज्य मंत्री दिलीप अहिरवार पूरी तरह से प्रयासरत रहें मुख्यमंत्री के आगमन पर दिलीप अहिरवार क्षेत्र की समस्याओं को लेकर अनेक मांगे भी मुख्यमंत्री के सामने रख सकते है। क्योंकि गौरिहार पिछड़ा हुआ क्षेत्र है।



### लवकुशनगर जिला बनाने की मांग हो रही तेज -

जैसे ही चंदला विधानसभा क्षेत्र के लोगों को यह जानकारी लगी की प्रदेश के मुखिया डॉ. मोहन यादव 29 मई को गौरिहार आ रहें है, तो लवकुशनगर को जिला बनाने की मांग करने बाले एक बार फिर सक्रिय हो गए है। मुख्यमंत्री के आने पर लवकुशनगर जिला बनाने की मांग तेजी से उठ सकती है। क्योंकि चंदला, राजनगर विधानसभा क्षेत्र खजुराहों संसदीय क्षेत्र के अतंर्गत आता है और खजुराहो से भाजपा प्रदेशध्यक्ष बी.डी शर्मा सांसद है। तथा चंदला के विधायक दिलीप अहिरवार और राजनगर क्षेत्र के विधायक अरविंद पटैरिया भी क्षेत्र की समस्याओं से अच्छी तरह परिचित है। उन तक भी मांग लगातार पहुँच रही है कि लवकुशनगर को जिला बनाए जाए, लेकिन अभी तक किसी ने भी इस तरह का आश्वासन दिया है और न ही घोषणा की है। जबकि लवकुशनगर क्षेत्र की जनता ने कुछ दिनों पूर्व लवकुशनगर को जिला बनाने की मांग को लेकर हस्ताक्षर अभियान भी चलाया था और इस अभियान को जनता का भी समर्थन मिला था। लवकुशनगर क्षेत्र का युवा पूरी तरह चाहता है कि लवकुशनगर जिला बन जाए और विकास के द्ववार खुले अब मुख्यमंत्री के आगमन पर क्षेत्र की जनता को पुरी उम्मीद है कि मुख्यमंत्री लोगों की यह मागं जरूर पूरी करेगा।

### क्या जनप्रतिनिधि मुख्यमंत्री के सामने रखेगें जनता की मांग -

लवकुशनगर जिला बनाने की मांग जो काफी समय से चल रही है, लेकिन आज तक किसी ने इस मांग को पूरा नही किया। जबकि चंदला विधानसभा क्षेत्र से इस समय राज्यमंत्री, भाजपा प्रदेशाध्यक्ष और राजनगर विधानसभा क्षेत्र से भी भाजपा विधायक है। अब प्रश्न यह उठता है कि क्या यह जनप्रतिनिधि जनता की उन आशओं को पूरा करेगें, जिसकी आस लगाए जनता बैठी हुई है। जनप्रतिनधियों ने भी चुनाव के दौरान तरह तरह के बादे मतदाताओं से किये थे, लेकिन अब समय आ गया है कि यह जनप्रतिनिधि मुख्यमंत्री के सामने सार्वजनिक मचं पर लवकुशनगर जिला बनाने की मांग जनता की ओर से रखें और साथ मुख्यमंत्री पर अपनी और से यह दबाव बनाए कि लवकुशनगर को जिला बनाना जरूरी है।

### छतरपुर से 100 किमी की है गौरिहार की दूरी -

जिला मुख्यालय छतरपुर से गौरिहार की दूरी 100 कि.मी के लगभग है इसलिए जिला मुख्यालय बहां के लोगों को आने में करीब दो से तीन घंटे का समय तय करना पड़ता है साथ ही यह क्षेत्र विकास में पिछड़ा हुआ है। बेरोजगारी के कारण लोग पलायन कर रहें है। लवकुशनगर जिला बनने से गौरिहार के लोगों को आधी दूरी तय करना पड़ेगी और विकास के द्वार भी खुलेगें जिससे पलायन थमेगा अभी गौरिहार क्षेत्र के लोगों को समीपवर्ती यूपी के बांदा जिले में अनेक कामों के लिए जानां पड़ता है।




# सड़क की मांग लेकर कलेक्टर के पास पहुंचे लोग

**छतरपुर**। शहर के वार्ड नंबर 17 में सिंचाई कॉलोनी से बजरंग नगर जाने वाले मार्ग की स्थिति बेहद खराब होने के कारण स्थानीय लोग परेशान हैं। मंगलवार को स्थानीय निवासियों ने जनसुनवाई में आवेदन देकर सड़क निर्माण की मांग की है। वार्ड के रामनरेश यादव, विजय सिंह यादव सहित अन्य लोगों ने बताया कि सिचाई कॉलोनी से बजरंग नगर का रास्ता जर्जर है, जिससे आए दिन हादसे हो रहे हैं। उन्होंने कई बार प्रशासन को आवेदन दिए, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। बारिश का मौसम नजदीक है, जिससे जलभराव और परेशानियां बढ़ने की आशंका है। निवासियों ने प्रशासन से बारिश से पहले सड़क बनवाने की मांग की ताकि आवागमन सुगम हो और हादसों को रोका जा सके।

# किसान बोले- जबरन जमीन छीनी तो जान दे देंगे...!

## भड़ार-भितरिया गांव के किसानों का भू-अर्जन के खिलाफ प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज, छतरपुर।

लवकुशनगर तहसील के ग्राम भड़ार भितरिया के किसानों ने मंगलवार को कलेक्टर कार्यालय में आवेदन देकर गांव में हो रहे भू-अर्जन पर तत्काल रोक लगाने की मांग की। किसानों ने चेतावनी दी कि यदि उनकी जमीनें जबरन छीनी गईं तो वे जान देने को मजबूर होंगे।
आवेदन देने आए किसानों ने बताया कि मौजा भड़ार और भितरिया की भूमि शासन द्वारा अवनि परिधि मानिक एण्ड मिनरल्स प्राइवेट लिमिटेड लखनऊ, उत्तर प्रदेश के लिए एम सैड और ग्रेनाइट प्रसंस्करण उद्योग स्थापना हेतु अधिग्रहित की जा रही है और इसके लिए सार्वजनिक सूचना भी प्रकाशित हुई है। किसानों का कहना है कि वे अपनी जमीन किसी कंपनी या शासन को नहीं देना




चाहते, क्योंकि उनके पास खेती ही एकमात्र आजीविका का साधन है। भूमि अधिग्रहण से वे भूमिहीन हो जाएंगे और उनके परिवारों के पास जीवनयापन का कोई स्त्रोत नहीं बचेगा। किसानों ने आरोप लगाया कि कंपनी उनकी बेशकीमती जमीन हड़पने के लिए हल्का पटवारी के माध्यम से फर्जी सहमति लेने की कोशिश कर रही है। उन्होंने मांग की कि इस प्रक्रिया को तत्काल रोका जाए और पटवारी व अन्य राजस्व कर्मचारियों को गांव में न भेजा जाए, क्योंकि ग्रामीणों में भू-अर्जन को लेकर भारी आक्रोश है। ग्रामवासियों ने कलेक्टर से गलत तरीके से हो रहे भू-अर्जन की जांच कर इसे रोकने की गुहार लगाई है।

# बिजावर विधायक ने झमटुली और गुड़पारा को दी बड़ी सौगात

## दोनों गांवों में करोड़ों की लागत से होंगे विभिन्न विकास कार्य



बिजावर।

बिजावर विधानसभा क्षेत्र के ग्राम झमटुली और गुड़पारा के लिए सोमवार ऐतिहासिक दिन रहा। बिजावर विधायक राजेश बबलू शुक्ला ने क्षेत्र की जनता की लंबे समय से चली आ रही मांगों को पूरा करते हुए ग्राम झमटुली और गुड़पारा में एक करोड़ों की लागत के विकास कार्यों की सौगात दी। इस अवसर पर उन्होंने विधायक निधि से पाल मोहल्ला में 75 लाख की लागत से बनने वाले पुल, बिहारी जू मंदिर के समीप 2 लाख की लागत से बनने वाली बाउंड्रीवाल, और बुंदेला बब्बाजू के समीप भी 2 लाख की लागत से बनने वाली बाउंड्रीवाल के निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया।

### विधानसभा के विकास हेतु हम सदैव प्रयासरतः बबलू शुक्ला

भूमिपूजन समारोह के दौरान अपने उद्बोधन में विधायक राजेश बबलू शुक्ला ने कहा, आज क्षेत्र की दो महत्वपूर्ण मांगें पूरी हुई हैं। मुझे जानकारी मिली थी कि गुड़पारा में बच्चे बांस के अस्थायी पुल बनाकर स्कूल जा रहे थे, जो बहुत खतरनाक था। इस समस्या को देखते हुए मैंने तुरंत प्रयास किए और आज हम इन दोनों गांवों में मजबूत पुल बनवा रहे हैं। इससे न केवल ग्रामीणों की आवाजाही आसान होगी, बल्कि बच्चों को भी सुरक्षित स्कूल जाने का रास्ता मिलेगा। उन्होंने आगे कहा, मेरी कोशिश हमेशा से रही है कि बिजावर विधानसभा क्षेत्र के हर गांव का विकास हो। इसके लिए मैंने पहले भी कई कार्य किए हैं, जैसे क्षेत्र में सड़कों का जाल बिछाना, पेयजल की व्यवस्था करना, और स्कूलों में सुविधाएँ बढ़ाना। हाल ही में हमने क्षेत्र के कई स्कूलों में स्मार्ट क्लासरूम की सुविधा शुरू की है और ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली की उपलब्धता बढ़ाने के लिए भी कई प्रोजेक्ट्स पर काम चल रहा है। मेरा संकल्प है कि बिजावर विधानसभा क्षेत्र विकास के मामले में मिसाल बने। विधायक राजेश बबलू शुक्ला ने यह भी बताया कि वे क्षेत्र में और भी कई विकास योजनाओं पर काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि बिजावर विधानसभा क्षेत्र में जल्द ही कई अन्य प्रोजेक्ट्स की शुरुआत होगी, जिसमें ग्रामीण सड़कों का निर्माण, स्वास्थ्य सुविधाओं का विस्तार, और किसानों के लिए सिंचाई सुविधाओं को बढ़ाना शामिल है। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि वे अपने सुझाव और समस्याएँ सीधे उन तक पहुँचाएँ, ताकि क्षेत्र का समग्र विकास हो सके।

### ग्रामीणों द्वारा लंबे समय से की जा रही मांग हुई पूरी

विधायक श्री शुक्ला ने बताया कि ग्राम झमटुली के पाल मोहल्ला में लंबे समय से पुल न होने के कारण ग्रामीणों को आने-जाने में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। खासकर बारिश के मौसम में यह समस्या और गंभीर हो जाती थी। इसी तरह, गुड़पारा में भी ग्रामीण लंबे समय से एक मजबूत पुल की मांग कर रहे थे। ग्रामीणों की इस मांग को ध्यान में रखते हुए विधायक राजेश बबलू शुक्ला ने त्वरित कार्रवाई की और इन दोनों क्षेत्रों में पुल निर्माण के लिए बजट स्वीकृत करवाया। भूमिपूजन समारोह के दौरान क्षेत्र के सैकड़ों ग्रामीण मौजूद रहे। ग्रामीणों ने विधायक राजेश बबलू शुक्ला का फूल-मालाओं और ढोल-नगाड़ों के साथ भव्य स्वागत किया। इस दौरान विधायक ने ग्राम झमटुली के पाल मोहल्ला में 75 लाख की लागत से बनने वाले पुल और गुड़पारा में भी एक अन्य पुल के निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। इसके साथ ही, विधायक निधि से बिहारी जू मंदिर और बुंदेला बब्बाजू के समीप 2-2 लाख की लागत से बनने वाली बाउंड्रीवाल के निर्माण का भी भूमिपूजन किया गया।



# मंदिर में बच्चों के लिए किया जा रहा योग शिविर का आयोजन

छतरपुर।

लोकनाथपुरम के श्री शिव मंदिर में बच्चों के संपूर्ण विकास के लिए 15 मई 2025 से एक विशेष योग शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर प्रतिदिन सुबह 6:30 से 7:30 बजे तक श्रीमती सुधा पौराणिक, श्रीमती रीता खरे, श्रीमती नीरजा पटैरिया और श्रीमती कुसुम ताम्रकार द्वारा संचालित किया जा रहा है।
शिविर में बच्चों को शारीरिक और मानसिक विकास के लिए विभिन्न योग आसनों का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। खड़े होकर किए जाने वाले आसनों में ताड़ासन, वृक्षासन, पादहस्तासन, अर्द्धचक्रासन और त्रिकोणासन शामिल हैं। इसके अलावा, बैठकर किए जाने वाले आसनों जैसे वज्रासन, भद्रासन, उष्ट्रासन, अर्द्ध उष्ट्रासन, शशांकासन, बक्रासन, मकरासन और सूर्य नमस्कार की योग क्रियाओं का अभ्यास कराया जा रहा है। योग के साथ-साथ बच्चों को आध्यात्मिक ज्ञान भी दिया जा रहा है, जिसमें रामचरितमानस की चौपाइयाँ, मंत्र पाठ, देशभक्ति से युक्त कहानियाँ और गीत सिखाए जा रहे हैं। इस शिविर का उद्देश्य बच्चों में शारीरिक स्वास्थ्य, मानसिक शांति और नैतिक मूल्यों का विकास करना है।

# विवाहित महिला की संदिग्ध मौत, मायके-ससुराल पक्ष में हत्या और आत्महत्या के आरोप

छतरपुर।

एक विवाहिता महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत का सनसनीखेजन मामला सामने आया है। मायके और ससुराल पक्ष के बीच मृत्यु को लेकर अलग-अलग दावे किए जा रहे हैं। मायके पक्ष ने ससुराल वालों पर हत्या का आरोप लगाया है, जबकि ससुराल पक्ष का कहना है कि मायके जाने के बाद उसने जहरीला पदार्थ खा लिया था। मृतका की तबीयत बिगड़ने के बाद उसे कई अस्पतालों में रेफर किया गया, लेकिन अंततः उसकी मौत हो गई। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद जाँच शुरू कर दी है।
प्राप्त जानकारी अनुसार मूल रूप से महाराजपुर थाना क्षेत्र के ग्राम बुड़रख की रहने वाली सोनम कुशवाहा 22 वर्ष अपने पति रोहित कुशवाहा के साथ बगौता में रोहित के मामा के यहाँ रहती थी। 21 मई को सोनम ने मायके जाने की बात कही, जिसे लेकर रोहित से उसका विवाद हुआ। रोहित ने उसे रोकने की कोशिश



की, लेकिन सोनम नहीं मानी और मायके चली गई। इसके बाद रोहित और उसके परिजनों को सूचना मिली कि सोनम की तबीयत बिगड़ने के कारण उसे नौगांव अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहाँ से उसे जिला अस्पताल रेफर किया गया, जहाँ वह 22 और 23 मई को भर्ती रहीं। रोहित के परिजनों के अनुसार, 23 मई को डिस्चार्ज होने के बाद सोनम की माँ हल्ली कुशवाहा उसे नौगांव ले गईं। नौगांव में उसकी हालत फिर बिगड़ गई। उसे दोबारा जिला अस्पताल लाया गया, फिर झाँसी, ग्वालियर और भोपाल एम्स के लिए रेफर किया गया। 26 मई को भोपाल ले जाते समय रास्ते में सोनम की मौत हो गई। 27 मई को जिला अस्पताल में पोस्टमार्टम हुआ। सोनम की माँ हल्ली कुशवाहा ने ससुराल पक्ष पर हत्या का आरोप लगाया है, जबकि ससुराल पक्ष का कहना है कि मायके जाने के बाद सोनम ने अज्ञात जहरीला पदार्थ खाया था। पुलिस ने पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर जाँच शुरू कर दी है।

## खबर संक्षेप

### परिवहन विभाग की बड़ी कार्रवाईः नियमों के उल्लंघन पर 73 यात्री बसों पर जुर्माना, 60 स्कूल बसें जप्त, बच्चों की सुरक्षा और सड़क नियमों की कड़ाई से निगरानी हेतु बड़ा कदम

**रीवा।** रीवा परिवहन विभाग ने सड़क सुरक्षा और यात्री नियमों के उल्लंघन के खिलाफ एक सख्त अभियान चलाते हुए बड़ा कदम उठाया है। नियमित जांच अभियान के अंतर्गत 73 यात्री बसों पर अनियमितताओं के चलते कुल 2,82,070 रुपये का जुर्माना वसूला गया है, वहीं 60 स्कूल बसों को बिना वैध दस्तावेजों के संचालन के चलते स्कूल परिसरों से जप्त किया गया।परिवहन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि यह कार्रवाई स्कूलों की छुट्टियों के दौरान की गई, ताकि स्कूल बसों की निष्क्रिय अवस्था में जांच की जा सके। जांच के दौरान पाया गया कि कई स्कूल बसें बिना परमिट, फिटनेस सर्टिफिकेट और सुरक्षा मानकों के विरुद्ध खड़ी थीं, जो बच्चों की सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा हैं। इन बसों को स्कूल परिसर में जाकर जप्त किया गया और विधिवत पावती दी गई।विद्यालय प्रबंधन को दी गई सख्त चेतावनीपरिवहन विभाग ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि यदि जप्त की गई बसों का संचालन दस्तावेज पूरे किए बिना किया गया, तो विद्यालय प्रबंधन पर दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।भविष्य में भी जारी रहेंगी कार्रवाईपरिवहन विभाग ने स्पष्ट किया है कि सड़क सुरक्षा और नियमों के पालन को लेकर ऐसी कार्रवाई आगे भी नियमित रूप से की जाएगी। विभाग ने कहा कि बिना दस्तावेज चलने वाली बसें केवल नियमों का उल्लंघन नहीं करतीं, बल्कि यात्रियों और खासतौर से बच्चों की जान के लिए खतरा बन सकती हैं।स्थानीय नागरिकों और अभिभावकों ने किया स्वागतइस सख्त कार्रवाई का स्थानीय नागरिकों और अभिभावकों ने समर्थन किया है और इसे बच्चों की सुरक्षा के हित में एक आवश्यक कदम बताया है।

### जनसुनवाई में कलेक्टर कार्यालय में आवेदकों की सुनीं गई समस्यायें

**रीवा ।** कलेक्टर कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई में 73 आवेदकों की समस्यायें सुनी गई तथा संबंधित अधिकारियों को समाधानकारक कार्यवाही किये जाने हेतु निर्देशित किया गया। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत मेहताब सिंह गुर्जर, अपर कलेक्टर श्रीमती सपना त्रिपाठी, संयुक्त कलेक्टर पी.के. पाण्डेय ने जनसुनवाई करते हुए विभिन्न विभागों से संबंधित आवेदनों को संबंधित अधिकारियों को कार्यवाही किये जाने के लिये प्रेषित किया। जनसुनवाई में गोविंदगढ़ के निवासियों ने शमशान तक पहुंचमार्ग के अवरोध को दूर कराने का आवेदन दिया। तहसीलदार को मौका निरीक्षण कर कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये। जगदीश प्रसाद निवासी मौजा मोहरा, अमरीश पाण्डेय निवासी टोला रामप्यारे रीठी तथा नंदकिशोर कुशवाहा लौआ लक्ष्मणपुर के सीमांकन के आवेदनों को संबंधित तहसीलदारों को प्रेषित कर कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया। इसी प्रकार पारसनाथ सिंह सुमेदा के अधिगृहीत भूमि का मुआवजा दिलाये जाने के आवेदन को एसडीएम हुजूर को, जयप्रकाश दुबे जमुई निवासी के खतौनी की नकल के आवेदन को नकल शाखा को, बुद्धिलाल प्रजापति निवासी अतरैला के नकल की जांच कराने के आवेदन को तहसीलदार को कार्यवाही करने के लिये निर्देश दिये गये। कलेक्ट्रेट में आयोजित जनसुनवाई में पतौना निवासी महेन्द्र मिश्रा ने आंधी तूफान से हुई क्षति की पूर्ति कराने का आवेदन दिया। जिसे एसडीएम रायपुर कर्चुलियान को कार्यवाही करने के लिये निर्देशित किया गया।

# ट्रेलर से भिड़ी बोलेरो, पूर्व बीएसएफ जवान की दर्दनाक मौत, छह घायल, तीन की हालत नाजुक



**शादी की खुशियाँ मातम में बदलीं तेज बली पटेल अपने नातिन की शादी के पहले आयोजित तिलक समारोह में सम्मिलित होने के लिए रीवा आए थे। समारोह संपन्न होने के बाद पूरा परिवार बोलेरो से वापस लौट रहा था कि यह हादसा हो गया। शादी की तैयारियों में जुटा परिवार अब गहरे शोक में डूब गया है।**

**रीवा।**

जिले के मनगवां थाना अंतर्गत रघुनाथगंज बायपास के समीप रविवार देर रात भीषण सड़क हादसे में एक रिटायर्ड बीएसएफ जवान की मौत हो गई, जबकि बोलेरो वाहन में सवार अन्य छह लोग घायल हो गए हैं। दुर्घटना उस वक्त हुई जब सभी लोग एक पारिवारिक समारोह से लौट रहे थे। घटना ग्राम टिकुरा के पास करीब दो बजे की है, जब सोनौरा में आयोजित तिलकोत्सव कार्यक्रम से लौट रही बोलेरो वाहन की सीधी भिड़ंत एक तेज रफ्तार ट्रेलर से हो गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बोलेरो के परखच्चे उड़ गए। हादसे में बोलेरो सवार तेजबली पटेल उम्र 48 वर्ष, निवासी बरांव, की मौके पर ही मौत हो गई। जो बीएसएफ से सेवानिवृत्त थे, घायलों में उनके परिजन और अन्य रिश्तेदार शामिल हैं। राजेश पटेल,शिवकुमार पटेल,अमरजीत पटेल की हालत अत्यंत गंभीर बताई जा रही है, जिन्हें उपचार के लिए संजय गांधी मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर किया गया है। बाकी घायलों का प्राथमिक उपचार जारी है। सूचना मिलते ही मनगवां थाना पुलिस मौके पर पहुंची और सभी घायलों को उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया। मृतक के शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया और सोमवार को अंतिम संस्कार के लिए परिजनों को सौंप दिया गया। पुलिस ने ट्रेलर चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# टमस नदी से अवैध रूप से रेत का परिवहन करते दो ट्रैक्टर पकड़ाए, सोहागी पुलिस ने देर रात की कार्रवाई



**रीवा।** जिले के सोहागी थाना क्षेत्र अंतर्गत टमस नदी से अवैध रेत खनन और तस्करी का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। ताजा मामला सोमवार को सामने आया, जब देर रात पुलिस ने दबिश देकर अवैध रेत ले जा रहे दो ट्रैक्टरों को पकड़ने में सफलता प्राप्त की। सोहागी थाना प्रभारी पवन शुक्ला ने जानकारी देते हुए बताया कि उन्हें सुबह के समय मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई थी कि दो ट्रैक्टर टमस नदी से अवैध रूप से रेत भरकर परिवहन कर रहे हैं। इस सूचना के आधार पर तत्काल कार्रवाई करते हुए एसडीओपी त्योंथर उदित मिश्रा के निर्देशन में पुलिस टीम गठित की गई। टीम ने सक्रियता दिखाते हुए दोनों ट्रैक्टरों को पकड़ने में सफलता हासिल की। पकड़े गए ट्रैक्टरों को थाने लाकर खड़ा कराया गया है, जबकि उनके चालकों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया है। प्रारंभिक जांच में सामने आया कि रेत का परिवहन बिना किसी वैध अनुज्ञा और दस्तावेजों के किया जा रहा था। इस आधार पर पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध खनिज अधिनियम की धाराओं के साथ चोरी का प्रकरण भी पंजीबद्ध किया है। बताया जा रहा है कि टमस नदी क्षेत्र में रेत माफियाओं की सक्रियता लंबे समय से बनी हुई है। आसपास के गांवों से ट्रैक्टरों के जरिए प्रतिदिन बड़ी मात्रा में रेत की तस्करी की जाती रही है। ग्रामीणों ने कई बार प्रशासन से इसकी शिकायत की थी, लेकिन अब तक ठोस कार्रवाई नहीं हो पाने से उनकी नाराजगी भी बढ़ रही थी। पुलिस की हालिया कार्रवाई को ग्रामीणों ने सराहा है, लेकिन इसके साथ ही उन्होंने यह भी मांग की है कि इस तरह की कार्रवाई नियमित रूप से की जाए ताकि रेत माफियाओं का जाल पूरी तरह तोड़ा जा सके।

# विकसित कृषि संकल्प अभियान में कृषि दल हर पंचायत का दौरा करें



**रीवा ।** कमिश्नर कार्यालय सभागार में आयोजित बैठक में कमिश्नर बीएस जामोद ने सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों के निराकरण की समीक्षा करते हुए कहा कि प्रकरण के बिना किसी कार्यवाही के एल-1 से एल-2 में जाने पर संबंधित के विरूद्ध कार्यवाही करें। समाधान ऑनलाइन के एजेण्डा बिन्दुओं में लंबित सभी आवेदन एक सप्ताह में निराकृत करें। सीएम मानिट के बिन्दुओं पर भी कार्यवाही करके पोर्टल पर जानकारी दर्ज करें। सभी संभागीय अधिकारी क्षेत्र का भ्रमण करके जल गंगा संवर्धन अभियान की मानीटरिंग करें। अभियान के तहत जल संरक्षण के कार्यों में श्रमदान करके भी भागीदारी निभाएं। कमिश्नर ने कहा कि विकसित कृषि संकल्प अभियान 29 मई से 12 जून तक चलाया जाएगा। संयुक्त संचालक कृषि अधिकारियों एवं कृषि विशेषज्ञों के जिलेवार दल तैनात कर दें। कृषि दल निर्धारित रूट चार्ट के अनुसार प्रत्येक पंचायत का अनिवार्य रूप से भ्रमण करें तथा किसानों को खेती को बेहतर करने के उपाय बताए। भ्रमण के दौरान ड्रोन का भी प्रदर्शन अनिवार्य रूप से कराएं। आगामी फसल की तैयारी के लिए खाद और बीज का समय पर भण्डारण सुनिश्चित करें। किसानों को डीएपी खाद के स्थान पर वैकल्पिक खाद के उपयोग की जानकारी दें। खाद का अग्रिम उठाव और प्रत्येक समिति में भण्डारण सुनिश्चित करें। किसानों की मांग के अनुरूप उन्नत किस्म के बीज उन्हें उपलब्ध कराएं। निजी क्षेत्र से बीज वितरण की भी सतत निगरानी रखें। बैठक में कमिश्नर ने कहा कि मई माह में सेवानिवृत्त होने वाले सभी शासकीय सेवकों के पेंशन प्रकरण सात दिवस में ऑनलाइन दर्ज कराकर पेंशन कार्यालय को प्रस्तुत कर दें। कमिश्नर ने कहा कि आपदा प्रबंधन से जुड़े सभी विभाग शासन के निर्देशों के अनुरूप पूरी तैयारी कर लें। संभाग के बाढ़ से प्रभावित होने वाले क्षेत्रों का चिन्हांकन करके राहत और बचाव कार्य के लिए पूरी कार्ययोजना तैयार कर लें। लोक निर्माण विभाग तथा सेतु विभाग के अधिकारी अधिक वर्षा में जलमग्न होने वाले मार्गों और पुलों में संकेतक लगाकर उनके फोटो सहित प्रतिवेदन सात दिवस में प्रस्तुत करें। नेशनल हाइवे तथा अन्य प्रमुख सड़कों में वाहन दुर्घटना से मृत पशुओं के निस्तारण की व्यवस्था सुनिश्चित करें। क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी बसों सहित सभी वाहनों की नियमित रूप से जाँच करें। वाहनों में कमियाँ पाए जाने तथा यातायात के नियमों का उल्लंघन करने पर जुर्माने की कार्यवाही करें। कमिश्नर ने कहा कि आगामी वर्षाकाल को देखते हुए सभी आयुक्त नगर निगम तथा मुख्य नगर पालिका अधिकारी शहरी क्षेत्र के सभी छोटे-बड़े नालों और नालियों की विशेष अभियान चलाकर साफ-सफाई कराएं। जिन क्षेत्रों में जल भराव की समस्या होती है वहाँ जल निकासी के लिए समुचित व्यवस्था करें। संयुक्त संचालक नगरीय निकाय चित्रकूट नगर पंचायत क्षेत्र में साफ-सफाई, नालियों की सफाई, सड़कों के सुधार तथा गंदे पानी के नालों को मंदाकिनी नदी में मिलने से रोकने एवं सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट निर्माण की मानीटरिंग करें। खाद्य सुरक्षा योजना के सभी हितग्राहियों के सत्यापन और ई केवाईसी का कार्य दो दिवस में पूरा कर लें। विषमता परिवार, मृत हितग्राही तथा स्थाई रूप से पलायन कर गए हितग्राहियों के नाम भी पोर्टल से तीन दिवस में पृथक कराएं। जून माह से स्मार्ट पीडीएस सिस्टम लागू हो रहा है। इसके माध्यम से केवल ई केवाईसी कराने वाले हितग्राहियों को ही खाद्यान्न का आवंटन प्राप्त होगा। समग्र पोर्टल में भी ई केवाईसी के अपडेशन का कार्य समय पर पूरा कराएं। अभी केवल 54.54 प्रतिशत हितग्राहियों के ही समग्र ई केवाईसी अपडेशन का कार्य हुआ है। बैठक में कमिश्नर ने गेंहू उपार्जन में किसानों को भुगतान, संचारी रोगों से बचाव, पेयजल व्यवस्था तथा उचित मूल्य दुकानों से खाद्यान्न वितरण के संबंध में निर्देश दिए। बैठक में संयुक्त आयुक्त दिव्या त्रिपाठी, उपायुक्त राजस्व श्रेयस गोखले, डीन मेडिकल कालेज डॉ सुनील अग्रवाल, क्षेत्रीय संचालक स्वास्थ्य डॉ एमएल गुप्ता, संयुक्त संचालक महिला एवं बाल विकास श्रीमती ऊषा सिंह सोलंकी, संयुक्त संचालक सामाजिक न्याय अनिल दुबे, अतिरिक्त संचालक उच्च शिक्षा आरपी सिंह, अधीक्षण यंत्री पीएचई जेएस धुर्वे, सहायक संचालक कृषि प्रीति द्विवेदी तथा अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## विकसित कृषि संकल्प अभियान 29 मई से 12 जून तक, अभियान में हर जिले में तीन विशेषज्ञ दल करेंगे क्षेत्र का भ्रमण

**रीवा।** भारत सरकार के कृषि विभाग द्वारा खेती को उन्नत और लाभकारी बनाने के लिए विकसित कृषि संकल्प अभियान शुरू किया जा रहा है। अभियान 29 मई से 12 जून तक चलाया जाएगा। इस संबंध में कमिश्नर बीएस जामोद ने बताया है कि अभियान के तहत संभाग के सभी जिलों में अधिकारियों और कृषि विशेषज्ञों के तीन-तीन दल क्षेत्र का भ्रमण करेंगे। किसानों तथा आमजनता से संवाद करके कृषि के विकास के संबंध में सुझाव लिए जाएंगे। साथ ही किसानों को खेती को आधुनिक बनाने के लिए महत्वपूर्ण सलाह भी दी जाएगी। अभियान के दौरान खेती की उन्नत तकनीक फसलों के आधुनिक और उन्नत बीज, कृषि में किए जा रहे नवाचार, प्राकृतिक खेती, फसल विविधीकरण तथा कृषि क्षेत्र में ड्रोन तकनीक के उपयोग के संबंध में किसानों को जानकारी दी जाएगी। अभियान के दौरान किसानों को धान की सीधी बुआई, सोयाबीन फसल को रिजफेरो प्रणाली से लगाने तथा खरीफ फसल की तैयारी के संबंध में किसानों को मार्गदर्शन दिया जाएगा। जिले में भ्रमण करने वाले दल में कृषि विज्ञान केन्द्र तथा कृषि महाविद्यालय के वैज्ञानिक, राष्ट्रीय कीट निगरानी प्रणाली से जुड़े अधिकारी, प्रगतिशील किसान तथा कृषि, उद्यानिकी, पशुपालन, मछली पालन एवं कृषि अभियांत्रिकी विभाग के अधिकारी शामिल होंगे। कमिश्नर ने कहा है कि सभी कलेक्टर अभियान की तैयारी बैठक आयोजित करके अभियान की रूपरेखा तैयार कर लें। प्रत्येक जिले में शासन के निर्देशों के अनुरूप तीन-तीन दल गठित कर दें। इन दलों के जिले भर में भ्रमण का कार्यक्रम तैयार करके प्रतिदिन दो से तीन ग्राम पंचायतों में अभियान का क्रियान्वयन कराएं। अभियान के दौरान कृषि तथा उससे जुड़े विभागों की सभी प्रमुख योजनाओं की जानकारी एवं उससे लाभ लेने की प्रक्रिया से किसानों को अवगत कराएं। किसानों को मृदा स्वास्थ्य कार्ड का उपयोग करके मिट्टी की जाँच कराने एवं आवश्यकता के अनुसार फसल को पोषक तत्व देने के लिए खाद के उपयोग का निर्धारण कराएं। खरीफ फसल की तैयारी के संबंध में भी किसानों को समुचित मार्गदर्शन दें। कलेक्टर अभियान के लिए जिला स्तर पर नोडल अधिकारी तैनात कर दें। नोडल अधिकारी अभियान की समस्त गतिविधियों में समन्वय बनाकर अभियान की प्रगति का हर सप्ताह प्रतिवेदन प्रस्तुत करें। कलेक्टर और संयुक्त संचालक कृषि अभियान का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करें।

# नागपुर के निजी अस्पताल में प्रधान जी का हुआ निधन








**रीवा। तराई क्षेत्र के वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता ग्राम जोन्हा के पूर्व सरपंच दयानंद द्विवेदी का 85 वर्ष की आयु में नागपुर के निजी अस्पताल में ब्रेन हेमरेज के कारण दुखद निधन हो गया। उनके निधन की सूचना से ग्रामवासियों सहित तराई क्षेत्र में शोक की लहर फैल गई है। श्री द्विवेदी आजीवन तराई क्षेत्र के चहुंमुखी विकास के लिए सदैव समर्पित रहे। वे एक शांत सरल व न्यायप्रिय जनप्रतिनिधि थे, जिन्होंने हमेशा जनमानस की सेवा को ही अपना धर्म माना।**

श्री द्विवेदी को क्षेत्र के लोग प्यार से प्रधान जी कहकर पुकारते थे। वे अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़कर चले गए,उनके तीनों पुत्र धर्मराज द्विवेदी,शिवशंकर द्विवेदी और अभयराज द्विवेदी भारतीय सेना में अपनी सेवाएं दे चुके हैं। जो इस परिवार की राष्ट्रसेवा की भावना को दर्शाता है। उनकी दो पुत्रियां श्रीमती राजवती मिश्रा व श्रीमती इंद्रवती भार्गव अपने अपने परिवारों में प्रतिष्ठित हैं। प्रधान जी की अंतिम यात्रा उनके पैतृक निवास ग्राम जोन्हा से निकाली गई, जिसमें काफी संख्या में घर परिवार,जनप्रतिनिधि,सामाजिक कार्यकर्ता एवं ग्रामीणजन शामिल हुए। प्रधान जी को जोन्हा के श्मशान घाट पर नम आंखो से अंतिम विदाई दी गई।

मुखिया जी के निधन पर शोक व्यक्त करने वालों में ब्राह्मण समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित संजय त्रिपाठी,रायल राजपूत संघठन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राजीव सिंह परिहार,भाजपा नेता सर्जेश पाण्डेय,कांग्रेस प्रदेश महासचिव कविता पाण्डेय,पूर्व विधानसभा प्रत्याशी अरूणा तिवारी,कांग्रेस प्रदेश प्रवक्ता विनोद शर्मा,सेवानिवृत्त उप पुलिस अधीक्षक बीडी पाण्डेय,जनपद अध्यक्ष रन्नू पाण्डेय,जोन्हा सरपंच धनेन्द्र द्विवेदी,लवकुश उर्मालिया,चंद्रमणि प्रसाद द्विवेदी,सेवानिवृत्त कैप्टन उमेश कुमार मिश्रा,कांग्रेस नेता तरूणेन्द्र द्विवेदी,अरुणेंद्र शेखर मिश्रा किशोरीलाल मिश्रा,कांग्रेस नेता तरूणेन्द्र द्विवेदी,सजीव शर्मा,पूर्व सरपंच यदुनंदन पाण्डेय,संतसरण गौतम,रामभिलाश त्रिपाठी,बृजभूषण द्विवेदी,शीतला प्रसाद द्विवेदी,राजेंद्र द्विवेदी व शतानंद द्विवेदी शामिल हैं।

# निर्माणाधीन मकान में करंट की चपेट में आए मजदूर की इलाज के दौरान मौत, परिजनों ने ठेकेदार पर लगाए गंभीर आरोप

**रीवा।** शहर के सिविल लाइन थाना क्षेत्र के ट्रांसपोर्ट नगर में सोमवार शाम उस समय अफरातफरी मच गई जब एक निर्माणाधीन मकान में कार्यरत मजदूर हाई वोल्टेज करंट की चपेट में आ गया। झुलसे युवक को तत्काल संजय गांधी अस्पताल ले जाया गया, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। मृतक की पहचान राहुल गोस्वामी निवासी – पिपरवार के रूप में हुई है। घटना के बाद पीड़ित परिवार ने ठेकेदार पर गंभीर लापरवाही के आरोप लगाते हुए पुलिस प्रशासन से सख्त कार्रवाई की मांग की है,मिली जानकारी के अनुसार राहुल पिछले तीन महीनों से एक निजी ठेकेदार विनोद पाण्डेय के साथ निर्माण कार्यों में मजदूरी कर रहा था। सोमवार शाम को वह ट्रांसपोर्ट नगर स्थित विवेक नामदेव के निर्माणाधीन मकान में सेटरिंग हटाने का काम कर रहा था। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, इसी दौरान मकान के ठीक ऊपर से गुजर रही 11 हजार वोल्ट की विद्युत लाइन के संपर्क में आकर राहुल बुरी तरह झुलस गया और नीचे गिर पड़ा। घटना होते ही मौके पर मौजूद लोगों ने तत्परता दिखाते हुए घायल युवक को अस्पताल पहुंचाया। हालांकि, डॉक्टरों की तमाम कोशिशों के बावजूद उसकी जान नहीं बचाई जा सकी। परिजनों के अस्पताल पहुंचने पर उन्हें बेटे की मौत की सूचना दी गई, जिसके बाद परिजनों में शोक की लहर दौड़ गई। मृतक के पिता संतोष गोस्वामी ने बताया कि उनका बेटा लगातार तीन महीनों से निर्माण स्थलों पर काम कर रहा था, लेकिन सुरक्षा के कोई इंतजाम नहीं किए गए थे। उन्होंने ठेकेदार और मकान मालिक पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कहा कि यदि समय पर सुरक्षा उपाय किए गए होते, तो राहुल की जान बचाई जा सकती थी। घटना की जानकारी मिलते ही सिविल लाइन थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। थाना प्रभारी ने बताया कि मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

### बंधन बैंक के कर्मचारी से लूट और डकैती के 4 आरोपी गिरफ्तारगुड़ पुलिस ने कार्यवाही, 70 हजार रुपए नकद और टैबलेट बरामद



**रीवा।** जिले के गुढ़ थाना पुलिस ने बंधन बैंक के रीजनल ऑफीसर से गुढ़ थाना क्षेत्र के गोरगी मोड़ में 19 मई को लूट करने वाले 4 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है,आरोपियों ने बाइक से किस्त वसूलने जा रहे आरओ सौरभ पुरवार के साथ मारपीट करते हुए लूट की वारदात को अंजाम दिया था। पीड़ित ने पुलिस से की गई शिकायत में बताया था कि वह अमिरती किस्त लेने गया था और गोरगी तरफ आ रहा था, जैसे ही वह गोरगी मोड़ के पास पहुंचा हाथ में पत्थर लिए बैठे चार आरोपी उसे रोक लिए और मारपीट करते हुए रुपयो से भरा बैग छीन ले गए। बैग में 77 हजार 9 सौ रुपए नकद, टैब, मोरफो सहित कागजत लूट ले गए थे। पीड़ित की शिकायत के बाद गुढ़ पुलिस ने धारा 126(2), 309 बीएनएस के तहत मामला पंजीबद्ध किया था, साथ ही विवेचना के बाद डकैती की धारा 310 (2) इजाफा किया गया। पुलिस ने मुखबिर सूचना के बाद घटना में शामिल चार आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से घटना में प्रयुक्त बाइक, 70 हजार रुपए नकद, टैबलेट, 4 नग मोबाइल जब्त किए है।बाक्सये आरोपी पकड़ाएगुढ़ पुलिस ने डकैती व लूट कांड में शामिल जिन आरोपियों को गिरफ्तार किया उनमे आयुष तिवारी पिता रामउजागर तिवारी 20 वर्ष निवासी धाराविभा थाना गढ़, धीरज तिवारी पिता वंशवली तिवारी 20 वर्ष निवासी धाराविभा थाना गढ़, अनूप तिवारी पिता बृजेन्द्र तिवारी 21 वर्ष निवासी डिघवार थाना लौर व श्रवण सिंह पिता रामकुमार सिंह उम्र 19 वर्ष निवासी बेलवा पैकान थाना मनगवां को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है। बॉक्स इनकी रही महत्वपूर्ण भूमिका इनमें से मुख्य भूमिका थाना प्रभारी शैल यादव, उप निरीक्षक आरके पांडेय, सहायक उप निरीक्षक सुरेश साकेत, प्रधान आरक्षक राकेश वर्मा, द्वारिका पटेल, आरक्षक मनोज निनामा, अमर बागरी, सरोवर हालदार, मयंक गौतम, राजकुमार दहिया अनिल गुप्ता की आरोपियों को पकड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका रही।



# निजी जमीन में समझौते के बाद भी बंद कर दिया गया रास्ता

**मऊगंज।** आम सहमति से निजी जमीन में रास्ता देने के बदले एक लाख रुपए की शर्त पर स्टांप में रास्ता दिया गया मिट्टी मुरूम की सड़क बनाई गई और कुछ दिनों तक रास्ता चलता रहा सैकड़ो ग्राम वासी रास्ते से निकलते रहे इस बीच ग्राम नरैनी के मो. इब्राहिम द्वारा सहमति पर बने आम रास्ते को बाडी.लगा कर रोक दिया गया और न निकलने की धमकी दी गई मामला मऊगंज जिले के नरैनी का है जहां मो. इब्राहिम द्वारा सहमति पर पैसे लेकर शपथ पत्र के साथ रास्ता दिया गया था और जब ग्रामीणों द्वारा बरसात को देखते हुए रास्ते की मरम्मत कराई जा रही थी उसी वक्त सरहंगई पूर्वक मोहम्मद इब्राहिम द्वारा जबरन रास्ते को रोकर गाली गलौज करने की स्थिति निर्मित की गई जिसकी शिकायत मोहम्मद मुस्तकीम निवासी नरैनी ने जिला कलेक्टर मऊगंज को जनसुनवाई के दौरान आवेदन देकर सहमति और शपथ पत्र के आधार पर रास्ता खुलवाने की मांग की गई है बताया गया कि पीड़िता ने रास्ते की मरम्मत करने मिट्टी मुरूम का प्रयोग करने सड़क पर गया वहीं मोहम्मद इब्राहिम द्वारा लाठी डंडे लेकर गाली गलौज के साथ रास्ता रोका गया और धमकी देते हुए रास्ता बंद कर दिया जिसको लेकर पीड़िता ने जनसुनवाई में आवेदन दिया उक्त रास्ते पर सैकड़ो लोगों का आना जाना है किंतु अब विवाद की स्थिति के कारण आना जाना पूरी तरह से बंद है।

# गोबर से बने लकड़ी उप्पल का सभी करें प्रयोग : कलेक्टर



**मऊगंज।** जिले में पहली बार मां खालसा इंदर कौर कंपनी द्वारा गौ संवर्धन की दिशा में एक बड़ी पहल के रूप में गोबर से बने लकड़ी उप्पल का उपयोग से गौ वंश पालन के साथ-साथ गोबर की महत्वता पर विशेष अभियान के तहत कंपनी द्वारा कार्य किया जा रहा है कंपनी के द्वारा गोबर की खरीदी से गोवंशों का महत्व बढ़ा है और बिना धुएं के बड़ी ऊर्जा स्त्रोत के रूप में इसका उपयोग किया जा रहा है कंपनी में रोजाना गौशालाओं और गौ पालको से गोबर खरीद कर उन्हें उचित कीमत दी जा रही है कई संस्थाओं ने गोबर से बने लकड़ी उप्पल को खरीद भी रहे हैं कंपनी मालिक राजू नोहटा ने कलेक्टर से मिलकर इसे अभियान के तौर पर चलाने की बात कही है कलेक्टर ने आश्वासन देते हुए कहा सभी के सहयोग से गोबर खरीदी और उससे बने उप्पल की खरीदी में सभी जनों की इसमें भागीदारी सुनिश्चित हो गोबर खरीदी से आवारा गोवंशों के पालन और संरक्षण की दिशा से सोच में बदलाव करने की आवश्यकता है वहीं कंपनी को बढ़ावा देने अभियान के तौर पर चलने आर्थिक सहायता करने की भी बात कही गई मां इंदर कौर खालसा कंपनी द्वारा बताया गया कि इससे किसानों में गौ वंशों को पालने की परंपरा जागृत होगी आवारा घूम रहे पशुओं में कमी आएगी जिससे खेती का नुकसान नहीं होगा घर पर ही गोबर खरीदने और बिक्री करने की सुविधा कंपनी द्वारा की गई है राजू नोहटा ने बताया कि सभी की मदद के साथ कलेक्टर मऊगंज ने अस्वस्थ्य किया है कि इसे अभियान के तौर पर चलाया जाएगा ताकि आवारा गौ वंशों से किसानों की समस्या दूर होगी और गोबर बिक्री से आय का स्त्रोत बनेगा।